# निरीक्षण आख्या

जनपद-- पिथौरागढ़ में पी0एम0जी0एस0वाई योजना के अन्तर्गत प्रस्तावित रीठाखानी (कटपतीया) से दोबांस मोटर मार्ग में प्रभावित होने वाली वन भूमि में खड़े वृक्षों में बांज प्रजाति के 76 वृक्षों का पातन अपरिहार्य सूचित करने के कारण अधोहस्ताक्षरी द्वारा **दिनांक 06.02.2015 को** वन विभाग एवं याचक विभाग के स्थानीय अधिकारियों के साथ स्थलीय निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान मार्ग निर्माण में बाधक बांज के सूचित वृक्षों की संख्या में मौके पर भिन्नता पाये जाने पर इस कार्यालय के **पत्रांक 1783/12–1 दिनांक 09.02.2015** से जारी निरीक्षण आख्या में याचक विभाग व वन विभाग से संरेखण में प्रभावित होने वाली वृक्षों की पुनर्गणना करने के निर्देश दिये गये थे।

प्रभागीय वनाधिकारी पिथौरागढ़ द्वारा अपने **पत्रांक 2142/12–1 दिनांक 19.02.2015** से वृक्षों की पुनर्गणना के परिणाम प्रेषित किये है जिसके अनुसार पूर्व में सूचित **कुल 100 बाधक वृक्षों** के स्थान पर वास्तव में **कुल 159 वृक्ष** सूचित किये गये है। इन सूचित वृक्षों में बांज की संख्या **अब 118 सूचित** की गयी है जो कि पूर्व **में 76 सूचित** थी। प्रभागीय वनाधिकारी का उक्त उल्लेखित पत्र मय संग्लनको सहित इस निरीक्षण आख्या का भाग बनाया जा रहा है ताकि वास्तविक स्थिति की जानकारी रहे।

निरीक्षण के दौरान स्थानीय निवासी भी उपस्थित थे जिनके द्वारा मार्ग निर्माण की आवश्यकता के सम्बन्ध में अपना पक्ष रखा गया, विशेष रूप से महिलाओं एवं बीमार व्यक्तियों को हो रही असुविधा के सम्बन्ध में। निरीक्षण ये यह स्पष्ट हुआ कि इस मार्ग निर्माण से वर्तमान में उपलब्ध मार्ग से **11 किमी0 की दूरी पर स्थित दोबांस गॉव की 586 जनसंख्या** को निश्चित रूप से सुविधा होगी।

प्रस्तावित मार्ग की **कुल ल0 11 किमी0** है जिसमें प्रभावित होने वाले बांज प्रजाति के वृक्ष मुख्यतः प्रथम किमी0 व अंतिम किमी0 में स्थित है। प्रभावित होने वाले बांज प्रभाति के वृक्ष का व्यास श्रेणीवार विवरण निम्न प्रकार है--

| | |
|---|---|
| 10--20 | 31 |
| 20--30 | 61 |
| 30--40 | 20 |
| 40--50 | 6 |

याचक विभाग के उपस्थित अधिकारियों द्वारा अवगत कराया गया कि भारत सरकार के दिशा निर्देशों के अनुरूप पर्वतीय राज्य में प्रत्येक ऐसे गांव, जिसकी जनसंख्या 250 से अधिक है, को पी0एम0जी0एस0वाई0 योजना के तहत मार्ग से जोड़ना अनिवार्य है। उनके द्वारा यह भी अवगत कराया गया कि इसी बाध्यता के तहत यह मार्ग निर्माण प्रस्तावित किया गया है और इस मार्ग निर्माण हेतु प्रस्तावित संरेखण सबसे उपयुक्त संरेखण है जिसमें बाधक वृक्षों की संख्या न्यूनतम है। उक्त सभी तथ्यों को ध्यान में रखते हुए मार्ग निर्माण में चिन्हित 118 बांज वृक्षों का पातन अपरिहार्य है। इस आलोक में प्रस्ताव से सहमति व्यक्त की जाती है।

संलग्नक-- प्र0व0अ0 का पत्र दिनांक 19.02.2015
मय संलग्नक

20/02/2015

**(संतोष विजय शर्मा)**
वन संरक्षक
उत्तरी कुमाऊँ वृत्त, उत्तराखण्ड, अल्मोड़ा


**कार्यालय वन संरक्षक, उत्तरी कुमाऊँ वृत्त, उत्तराखंड, अल्मोड़ा।**
*Email : cfkumaon_north@rediffmail.com , ☎ (05962) 231099 Fax : 230397*


पत्रांक -- 1918/12–1 अल्मोड़ा, दिनांक, 20.02.2015.

**प्रतिलिपि** -- निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु--

1. प्रभागीय वनाधिकारी, पिथौरागढ़ वन प्रभाग, पिथौरागढ़।
2. अधिशासी अभियन्ता सिचाई खण्ड, लो0नि0वि0 पिथौरागढ़।

20.2.2015

**(संतोष विजय शर्मा)**
वन संरक्षक
उत्तरी कुमाऊँ वृत्त, उत्तराखण्ड, अल्मोड़ा

## कार्यालय प्रभागीय वनाधिकारी, पिथौरागढ़ वन प्रभाग, पिथौरागढ़।

संख्या 2142 / 12-1 दिनांक, पिथौरागढ़ 19, फरवरी, 2015

सेवा में,

वनसंरक्षक,
उत्तरी कुमाऊँ वृत,
उत्तराखण्ड, अल्मोड़ा।

विषय :- **प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के अन्तर्गत प्रस्तावित रीठाखानी-कठपतिया से दोबांस मोटर मार्ग में प्रभावित हो रहे वृक्षों की गणना के सम्बन्ध में।**

सन्दर्भ :- आपकी **निरीक्षण** आख्या **दि0 09.02.2015 एवं इस कार्यालय का पत्रांक 2051/12 एफ दि0 10-02-2015।**

---

महोदय,

उपरोक्त विषयक पत्र के क्रम में अनुरोध है कि प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के अन्तर्गत प्रस्तावित रीठाखानी-कठपतिया से दोबांस मोटर मार्ग में प्रभावित हो रहे वृक्षों की गणना पुनः प्रस्तावक विभाग एवं वनविभाग के प्रतिनिधियों के साथ आपके निर्देशानुसार कर ली गयी है जिसकी एक प्रति आपको आख्या हेतु प्रेषित की जा रही है।

प्रस्ताव संस्तुति सहित अग्रसारित।

संलग्न :- वृक्षों की सूची उक्तानुसार।

भवदीय,

प्रभागीय वनाधिकारी,
पिथौरागढ़ वनप्रभाग, पिथौरागढ़।

संख्या 2142 / 12-1 दिनांकित।

प्रतिलिपि :- अधिशासी अभियन्ता, पी0एम0जी0एस0वाई0, सिंचाई खण्ड, लो0नि0वि0, पिथौरागढ़ को सूचनार्थ प्रेषित।

प्रभागीय वनाधिकारी,
पिथौरागढ़ वनप्रभाग, पिथौरागढ़।

20 Feb. 2015 2:12PM P2 FAX NO. :05964225234 PITHOGARH VAN PRABHAG

परियोजना का नाम :— जनपद पिथौरागढ में प्रधान मन्त्री ग्रामीण सड़क योजना के अन्तर्गत प्रस्तावित, रीठाखानी कटपतिया से दौबांस मोटर मार्ग (11.000 कि0मी0) नव निर्माण हेतु वन भूमि हस्तान्तरण प्रस्ताव।

## परियोजना से प्रभावित होने वाले वृक्षों की मूल्य सूची

| क्र0 सं0 | क्षेत्र का नाम | प्रजाति / आयतन | व्यास वर्ग से0 मी0 में ( गोलाई) | | | | | | | | योग | | योग |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | 10-20 | 20-30 | 30-40 | 40-50 | 50-60 | 60-70 | 70-80 | 80-90 | | | |
| 1 | धौलकाण्डे | बॉज | 10 | 31 | 6 | 3 | — | — | — | — | 50 | 1293 | 25693.20 |
| | | आयतन | 0.640 | 9.920 | 4.854 | 4.557 | | | | | 19.871 | | |
| 2 | | चीड़ | 3 | 6 | 3 | — | — | — | — | — | 12 | 3540 | 11278.44 |
| | | आयतन | — | 1.104 | 2.082 | — | — | — | — | — | 3.186 | | |
| 3 | कनकुटिया | बॉज | 8 | 13 | 7 | 1 | — | — | — | — | 29 | 1293 | 15223.76 |
| | | आयतन | 0.432 | 4.160 | 5.663 | 1.519 | — | — | — | — | 11.774 | | |
| 4 | | चीड़ | 1 | 2 | 3 | — | — | — | — | — | 6 | 3540 | 9894.30 |
| | | आयतन | — | 0.368 | 2.427 | — | — | — | — | — | 2.795 | | |
| 5 | दौबांस | बॉज | 13 | 17 | 7 | 2 | — | — | — | — | 39 | 1293 | 19191.99 |
| | | आयतन | 0.702 | 5.440 | 5.663 | 3.038 | — | — | — | — | 14.843 | | |
| 6 | | चीड़ | 7 | 9 | 3 | 1 | — | — | — | — | 20 | 3540 | 18549.60 |
| | | आयतन | — | 1.656 | 2.082 | 1.502 | — | — | — | — | 5.240 | | |
| | | | | | | | | | योग | | | — | 99831.31 |

प्रमाणित किया जाता है कि विषयगत परियोजना के अन्तरगत काटे जाने वाले पेड़ों का कुल मूल्य रूपये 99831.31 आंकलित किया जाता है।

उप क्षेत्र अधिकारी
वन क्षेत्राधिकारी
पिथौरागढ़

प्रभागीय वनाधिकारी
पिथौरागढ़ वन प्रभाग
पिथौरागढ़

प्रभागीय वनाधिकारी

FROM:PITHOGARH VAN PRABHAG FAX NO.:05964225234 20 Feb. 2015 2:12AM P3

**परियोजना का नाम :– जनपद पिथौरागढ में प्रधान मन्त्री ग्रामीण सड़क योजना के अन्तर्गत प्रस्तावित, रीठाखानी कटपतिया से दौबांस मोटर मार्ग (11.000 कि0मी0) नव निर्माण हेतु वन भूमि हस्तान्तरण प्रस्ताव।**

## प्रभावित होने वाले वृक्षों का विवरण

प्रश्नगत परियोजना के निर्माण हेतु दिनॉक 18/02/2013 को किये गये संयुक्त निरीक्षण के अनुसार आवेदित वन भूमि तथा नाप भूमि पर प्रभावित होने वाले वक्षों की गणना 7.00 मी0 में की गई है एवं सड़क की चौडाई 9.00 मी0 में ली गई है व निरीक्षण के दौरान प्रभावित होने वाले वृक्षों की गणना निम्नानुसार की गई है :–

### सिविल सोयम भूमि पर प्रभावित होने वाले पेड़ों का विवरण

| क्र0 सं0 | क्षेत्र का नाम | प्रजाति | वैज्ञानिक नाम | किमी0 | व्यास वर्ग से0 मी0 में (गोलाई) | | | | | योग |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | 10-20 | 20-30 | 30-40 | 40-50 | 50-60 | |
| 1 | धौलकाण्डे | बॉज | Quercus leucotricophora A.Cam. | 0–1 | 6 | 20 | 4 | 3 | – | 33 |
| | | | | 1–2 | 4 | 11 | 2 | – | – | 17 |
| | | चीड़ | Pinus roxburghii Sarg. | 0–1 | 1 | 4 | 2 | – | – | 7 |
| | | | | 1–2 | 2 | 2 | 1 | – | – | 5 |
| 2 | कनकुटिया | बॉज | Quercus leucotricophora A.Cam. | 2–3 | 4 | 7 | 4 | – | – | 15 |
| | | | | 3–4 | 4 | 6 | 3 | 1 | – | 14 |
| | | चीड़ | Pinus roxburghii Sarg. | 2–3 | – | 1 | 2 | – | – | 3 |
| | | | | 3–4 | 1 | 1 | 1 | – | – | 3 |
| | | काफल | Myrica esculenta Buch.-Ham. | 2–3 | 1 | 2 | – | – | – | 3 |
| 3 | दौबांस | बॉज | Quercus leucotricophora A.Cam. | 4–5 | 2 | 4 | 2 | 1 | – | 9 |
| | | | | 5–6 | – | 3 | 1 | – | – | 4 |
| | | | | 6–7 | 4 | 4 | – | – | – | 8 |
| | | | | 7–8 | – | 2 | 3 | 1 | – | 6 |
| | | | | 8–9 | 5 | 1 | – | – | – | 6 |
| | | | | 9–10 | 2 | 3 | 1 | – | – | 6 |
| | | चीड़ | Pinus roxburghii Sarg. | 4–5 | 2 | 1 | 1 | – | – | 4 |
| | | | | 5–6 | 1 | 2 | – | – | – | 3 |
| | | | | 6–7 | 2 | 4 | – | – | – | 6 |
| | | | | 7–8 | – | – | 2 | – | – | 2 |
| | | | | 8–9 | – | 1 | – | 1 | – | 2 |
| | | | | 9–10 | 2 | 1 | – | – | – | 3 |
| | | | **Total** | | **43** | **80** | **29** | **7** | – | **159** |

उपरोक्तानुसार गणना किये गये वृक्षों का पातन किया जाना अपरिहार्य है।

वन क्षेत्राधिकारी
पिथौरागढ़
वन क्षेत्र पिथौरागढ

प्रभागीय वन अधिकारी
पिथौरागढ़ वन प्रभाग
पिथौरागढ़ वन प्रभाग

प्रपत्र–15

परियोजना का नाम :– जनपद पिथौरागढ़ में प्रधान मन्त्री ग्रामीण सड़क योजना के अन्तर्गत प्रस्तावित, रीठाखानी कटपतिया से दौबांस मोटर मार्ग (11.000 कि0मी0) नव निर्माण हेतु वन भूमि हस्तान्तरण प्रस्ताव।

## बांज वृक्षों के पातन का प्रमाण–पत्र

प्रश्नगत परियोजना के निर्माण हेतु आवेदित वन भूमि के गैर वानिकी कार्यो हेतु प्रत्यावर्तन के लिये मेरे द्वारा दिनॉक........................ को स्थलीय निरीक्षण के दौरान परियोजना के निर्माण से प्रभावित होने वाले बांज के वृक्षों की नियमानुसार गणना की गई:–

| क्र0 सं0 | क्षेत्र का नाम | प्रजाति | वैज्ञानिक नाम | व्यास वर्ग से0 मी0 में (गोलाई) | | | | | योग |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | 10-20 | 20-30 | 30-40 | 40-50 | 50-60 | |
| 1 | धौलकाण्डे | बॉज | Quercus leucotricophora A.Cam. | 10 | 31 | 6 | 3 | – | 50 |
| 1 | कनकुटिया | बॉज | Quercus leucotricophora A.Cam. | 8 | 13 | 7 | 1 | – | 29 |
| 1 | दौबांस | बॉज | Quercus leucotricophora A.Cam. | 13 | 17 | 7 | 2 | – | 39 |
| | | | **Total** | **31** | **61** | **20** | **6** | – | **118** |

उपरोक्तानुसार गणना किये गये वृक्षों का पातन किया जाना अपरिहार्य है।

वन क्षेत्राधिकारी
पिथौरागढ़

प्रभागीय वनाधिकारी
पिथौरागढ़ वन प्रभाग
पिथौरागढ़

वन संरक्षक